भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 22 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 08 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## राज्यपाल बागड़े आज रहेंगे भीलवाड़ा दौरे पर

### आध्यात्मिक चातुर्मास समारोह में होंगे शामिल, प्रशासन को दिए सख्त निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े मंगलवार, 8 जुलाई को भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सुभाष नगर स्थित जैन स्थानक में आयोजित आध्यात्मिक चातुर्मास समारोह में भाग लेंगे।

राजभवन से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल सुबह 9ः40 बजे जयपुर से हेलिकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 10.40 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड भीलवाड़ा पहुंचेंगे। वहां से वे



सुबह 11.00 बजे जैन स्थानक, सुभाष नगर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

कार्यक्रम के बाद राज्यपाल 12ः05 बजे सड़क मार्ग से सांसद दामोदर अग्रवाल के निवास आर.के. कॉलोनी जाएंगे, जहाँ वे अल्प विश्राम एवं भोजन करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 1ः00 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड से हेलिकॉप्टर द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने राज्यपाल के आगमन को लेकर संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसमें अस्थायी हेलीपैड निर्माण, यातायात व्यवस्था, सफाई, सुरक्षा आदि के समुचित प्रबंधन पर विशेष बल दिया गया है।

## चित्तौड़गढ़ में याचिका समिति का दौराःबिरला सीमेंट के खिलाफ शिकायतों पर जनसुनवाई



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

सोमवार को लोकसभा की याचिका समिति का 18 सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल चित्तौड़गढ़ पहुंचा। यह टीम बिरला सीमेंट वर्क्स द्वारा पिछले कई सालों से की जा रही अवैध खनन की शिकायतों की जांच के लिए आई थी। समिति ने चित्तौड़गढ़ जिले के कुछ गांवों में जाकर जनसुनवाई की और ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिरला सीमेंट वर्क्स को खनन की इजाजत केवल कुछ तय शर्तों के साथ दी गई थी। उन्हें केवल देवस्थान, चारागाह, वन भूमि, मंदिर, नदी-नालों, आबादी और सार्वजनिक रास्तों से कम से कम 50 मीटर दूर खनन करने की अनुमति मिली थी। लेकिन कंपनी ने इन नियमों को तोड़ते हुए कई गांवों में, जैसे जाई, सुरजना और नगरी में अवैध खनन किया है।

**देवस्थान भूमि पर कर दिया अवैध खनन**

गांव सुरजना में आदिवासी समाज के देवस्थल (देवर) की जमीन पर भी खनन किया जा रहा है, जो कि राजस्व रिकॉर्ड में आज भी देवस्थान के रूप में दर्ज है। ग्रामीणों का कहना है कि बिरला को वहां खनन की कोई अनुमति नहीं है, फिर भी वहां काम चल रहा है। इस वजह से चारागाह की जमीन भी पूरी तरह से खत्म हो गई है। जानवरों के चरने के लिए अब जगह नहीं बची। पूर्व नगर परिषद उपसभापति कान सिंह राठौड़ ने भी ग्रामीणों की शिकायत समिति के सामने रखी और बिरला सीमेंट के गलत कामों को उजागर किया।

**सांसद सीपी जोशी ने दिया समर्थन, बोले - गरीबों को मिलेगा न्याय**


चित्तौड़गढ़ सांसद और याचिका समिति के अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हम किसी फैक्ट्री के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन यदि किसानों और गरीबों का हक छीना जा रहा है तो इसके खिलाफ जरूर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि यह मामला लोकसभा की याचिका समिति के पास शिकायत के रूप में पहुंचा था।

## विधायक डीसी बैरवा के एक महीने में तीन बार हुई चोरी, बोले- चोर बेखौफ, पुलिस मौन

**भीलवाड़ा फोकस @ दौसा**

जिले में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कांग्रेस विधायक दीनदयाल (डीसी) बैरवा के यहां एक महीने में तीन बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। पहले मोबाइल, फिर बाइक और अब ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गई।

विधायक बैरवा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर नाराजगी जताई और लिखा, चोरों के हौसले बुलंद हैं, पुलिस नाम की रह गई है। उन्होंने बताया कि 11 जून को राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनका मोबाइल



DC BAIRWA (MLA)
@BairwaDc

दौसा में चोरों के हौसले बुलंद है पुलिस एक नाम की रह गई हैं 11 जून को मेरा मोबाइल चोरी होना, मेरे निज निवास से14 जून को मोटर साइकिल व आज रात को ट्रेक्टर-ट्रॉली का चोरी होना अपने आप में कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न है?
मेरा निवेदन है कि पुलिस जल्द कार्यवाही करे!
@PoliceRajasthan

चोरी हो गया था। इसके बाद उनके निवास से मोटरसाइकिल और रविवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली भी चोरी हो गई।

दौसा सदर थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार ने बताया कि मोबाइल चोरी को लेकर कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। बाइक चोरी की एफआईआर पहले से दर्ज है, जिसकी जांच जारी है। ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की रिपोर्ट मिली है और कार्रवाई की जा रही है।

विधायक ने कहा कि मामले की जानकारी उनके पीएसओ द्वारा समय पर पुलिस को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस घटना पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हाल-ए-राजस्थान डकैतों का बोलबाला, विधायक तक सुरक्षित नहीं। जूली ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए कहा कि जब एक जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है, तो आम जनता की स्थिति की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मिशन अमृत-2 के तहत जालेश्वर तालाब को 3.05 करोड़ की मिली स्वीकृति, मांडलगढ़ की जनता में हर्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

नगरपालिका क्षेत्र के ऐतिहासिक जालेश्वर तालाब के पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के प्रयासों और राज्य सरकार की सकारात्मक पहल के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मिशन अमृत-2 योजना के तहत तालाब के विकास हेतु 3 करोड़ 5 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार इस परियोजना के तहत तालाब में सिवरेज लाइन से आने वाले गंदे पानी को बाहर निकालने की व्यवस्था की जाएगी।



साथ ही, सौंदर्यीकरण और अन्य आवश्यक निर्माण कार्य भी किए जाएंगे। इससे न सिर्फ तालाब की स्वच्छता और भव्यता बहाल होगी, बल्कि आसपास के निवासियों को भी गंदगी और दुर्गंध की समस्या से राहत मिलेगी।

## श्री जोगणिया माता दरबार में भक्ति की गूंज, 71 बसों से पहुंचे हजारों श्रद्धालु





**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू**

(दिनेश गुर्जर)। फतेहनगर और चित्तौड़गढ़ क्षेत्र से निकली भक्ति यात्रा 6 व 7 जुलाई को श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ में आस्था और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई। 71 बसों में सवार हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए और दो दिवसीय आयोजन में सत्संग, भजन और महाप्रसादी का आनंद लिया।

शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि फतेहनगर निवासी अशोक कुमार शर्मा के नेतृत्व में गांव-गांव से श्रद्धालुओं को एकत्र कर माता के दरबार लाया गया। 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे यात्रा का शुभारंभ हुआ। रात्रि 8 बजे दरबार परिसर में भव्य भजन संध्या हुई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। 7 जुलाई को सुबह 7 बजे 251 गांवों की प्रभात फेरियों का संगम हुआ, जिसके बाद प्रातः 9 बजे छप्पन भोग और 11 बजे से महाप्रसादी का आयोजन श्रद्धा और सेवा भाव के साथ सम्पन्न हुआ।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को मेनाल बालाजी मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर और मेनाल जलप्रपात के दर्शन करने का भी सौभाग्य मिला, जिससे यात्रा आध्यात्मिक और प्राकृतिक दोनों ही रूपों में समृद्ध बनी।

## पेड़ से गिरने पर युवक की मौत, खेत में पत्तियां काटते समय हुआ हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

थाना क्षेत्र के उरना गांव में सोमवार को पेड़ से गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वह खेत पर बकरियों के लिए पत्तियां काट रहा था, तभी असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ा।

पुलिस ने बताया की हेमराज मीणा निवासी उरना पेड़ पर चढ़कर बकरियों के लिए हरी पत्तियां काट रहा था, तभी अचानक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई बंशीलाल मीणा ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में अग्रिम जांच जारी है।

# विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर सुरक्षा की ली शपथ, विद्यार्थियों को जियो टैग की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेज़ी माध्यम) रायपुर कार्यवाहक संस्था प्रधान नवीन कुमार बाबेल,ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में पर्यावरण शुद्धि को बढ़ावा देते हुए वृक्षारोपण किया गया जियो टैग किया गया साथ ही पौधे के देखभाल की शपथ भी ली गई। शिक्षक रवि कुमार टेलर द्वारा विद्यार्थियों को वृक्षारोपण हेतु आवश्यक निर्देश व पवन काबरा द्वारा जियो टैग करने का प्रोसेस बताया गया। ज्ञात रहे शिक्षक बाबेल ने 850 पौधे अपने जन्मदिन पर विद्यालय को भेट किए थे। विद्यार्थियों को अपनी देखरेख में पौधारोपण करने हेतु पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष नारायण लाल कुमावत, रतन माली, कार्यवाहक संस्था प्रधान नवीन कुमार बाबेल, शिक्षक कैलाश रावल, जयप्रकाश ओझा, पवन काबरा, रवि कुमार टेलर, सीमा कुमारी मंडोवरा, रतन कुमारी जाट, उपस्थित थे।

# एनजीटी की सख्तीः एनएचएआई से मांगा जवाब, लगाने होंगे 8.5 लाख पौधे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की भोपाल स्थित सेंट्रल जोनल बेंच ने पेड़ों की कटाई के बदले नियमानुसार पौधारोपण नहीं करने पर एनएचएआई समेत चार वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। यह कार्रवाई पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की जनहित याचिका पर हुई।

जाजू ने याचिका में आरोप लगाया कि एनएचएआई ने कई राजमार्गों पर पेड़ों की कटाई के बाद तय मात्रा में पौधे नहीं लगाए। जहां पौधे लगाए भी गए, वहां रखरखाव के अभाव में उनका जीवित रहना मुश्किल है। साथ ही झाड़ियों को पेड़ मानकर आंकड़े गिनाए जा रहे हैं।

जाजू के अनुसार, नियमानुसार 8.5 लाख पौधों का और रोपण आवश्यक है। एनएचएआई की वृक्षारोपण नीतियों (2015 व 2024) की भी अनदेखी की गई है। अगली सुनवाई 14 अगस्त 2025 को होगी।

# विदाई में भी था जादू, आंचल ने छोड़ी दिलों पर अमिट छाप



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

महर्षि गौतम शिक्षण संस्थान मैदान में अंतरराष्ट्रीय जादूगर आंचल ने अपने अंतिम शो के साथ भीलवाड़ा को अलविदा कहा। जादू और जज्बातों से सजी इस शाम में हर आंख नम थी और माहौल तालियों से गूंज उठा।

बीते कई दिनों से शहर में अपने चमत्कारी करतबों से लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली आंचल का यह अंतिम शो भावनात्मक और यादगार बन गया। उन्होंने विशिष्ट अतिथियों को अपने अनोखे अंदाज़ में मंच पर दुपट्टा उड़ाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विधायक अशोक कोठारी, संजय पांडे, राजेन्द्र कचोलिया, दिलीप तोषनीवाल, मोहम्मद इरफान शेख, मदन खटोड़ सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। ओम व्यास, मोहम्मद हारून रंगरेज, मीडिया, प्रशासन और जनता के सहयोग को आयोजन समिति ने सराहा। विदाई भाषण में आंचल ने कहा, ÷यह विदाई नहीं, एक वादा है – जल्द फिर लौटूंगी भीलवाड़ा।÷

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय व राज्य आयोग की मांग, मंच ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

वरिष्ठ नागरिक मंच ने केंद्र व राज्य सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय और राज्य आयोग के गठन, आयुष्मान योजना का 60+ उम्र के नागरिकों तक विस्तार, तथा रेलवे कंसेशन बहाली सहित कई मांगों को लेकर सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

मंच अध्यक्ष मदन खटोड़ ने बताया कि वर्तमान में 70 वर्ष से ऊपर वालों को ही आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि 60 से 70 वर्ष तक के वरिष्ठ नागरिकों को भी इसमें जोड़ा जाना चाहिए। मंच ने भरण-पोषण व कल्याण अधिनियम 2007 में संशोधन की भी मांग की है। महासचिव कृष्णगोपाल सोमानी व उमाशंकर शर्मा ने बताया कि सांसद से इन सभी मांगों को संसद में जोर-शोर से उठाने का निवेदन किया गया है। सांसद ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए ज्ञापन पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मीडिया प्रभारी गोविंद लढ़ा ने बताया कि यह ज्ञापन अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के फरवरी में उदयपुर सम्मेलन में पारित प्रस्तावों के अनुरूप तैयार किया गया है।

इस अवसर पर कैलाश चंद्र सोमानी, मूलचंद बाफना, रामपाल शर्मा, वीणा खटोड़, श्यामसुंदर तिवाड़ी, जतन हिंगड़, ओमप्रकाश लढ़ा, राकेश सक्सेना, दिनेश भट्ट सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

# सांगोद से सुपोषित मां अभियान की शुरुआत, सीएम बोले - अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**






मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांगोद में सुपोषित मां अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का भी निरीक्षण किया गया। समारोह के दौरान 92 करोड़ से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया गया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन की शुरुआत गयेपरनाथ महादेव, दाढ़ देवी माता, गिर्राजधरण जी सहित विभिन्न देव स्थलों के जयकारों से की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है।

**सीएम बोले - अब कोई पेपर लीक नहीं, 69 हजार युवाओं को दे चुके नौकरी**

मुख्यमंत्री ने कहा, ÷पूर्ववर्ती सरकार के समय लगातार पेपर लीक होते थे, लेकिन पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमने वादा किया था कि एक साल में एक लाख युवाओं को नौकरी देंगे और अब तक 69 हजार युवाओं को नियुक्ति दी जा चुकी है। इस महीने रोजगार उत्सव के तहत और नियुक्तियां दी जाएंगी।÷

उन्होंने आगे कहा कि नौकरी भर्ती के लिए एक निश्चित कैलेंडर घोषित कर दिया गया है - जिसमें स्पष्ट है कि किस तिथि को वैकेंसी निकलेगी, परीक्षा होगी, परिणाम आएगा और नियुक्ति दी जाएगी।

**किसानों को दिन में बिजली, राजस्थान में गेहूं की सबसे ज्यादा एमएसपी**

मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हम किसान को सम्मान दे रहे हैं - प्रधानमंत्री सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और गेहूं की देश में सबसे अधिक एमएसपी राजस्थान में मिल रही है।

उन्होंने कहा कि 2027 तक दिन में बिजली देने का लक्ष्य है। किसान हमारे सरकारी कर्मचारी की तरह है, जैसे वह 10 से 5 काम करता है वैसे किसान सुबह 8 से शाम 6 बजे तक काम करे, फिर आराम से घर जाए। अभी 22 जिलों में दिन में बिजली दी जा रही है।

**महिला सुरक्षा में सुधार, गरीबी मुक्त गांव का लक्ष्य**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार में महिला अत्याचार के अधिक मामले होते थे, जबकि हमारी सरकार के डेढ़ साल में ऐसे मामलों में 11% की कमी आई है। सरकार महिला उत्थान के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने अब तक 50 लाख नए लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा है, जबकि 22 लाख लोगों ने स्वेच्छा से योजना छोड़ी है। इसके अलावा 5 हजार गांवों को गरीबी मुक्त करने और 10 हजार गांवों की सूची तैयार करने का कार्य भी जारी है।

**लोकसभा अध्यक्ष बिरला बोले - अंत्योदय पखवाड़ा एक सोच है, सिर्फ कार्यक्रम नहीं**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, ÷अंत्योदय पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, यह एक सोच है - जिसमें समाज के सबसे जरूरतमंद को योजना का लाभ पहुंचाना है।÷

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा को सुशासन का आधार बनाया और राज्य सरकार भी उसी सोच से कार्य कर रही है। बिरला ने सुपोषित मां अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य का ख्याल रखता है, बल्कि एक स्वस्थ और संस्कारित पीढ़ी के निर्माण का प्रयास भी है।

उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को समय पर बिजली, विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और ग्रामीणों को 24 घंटे बिजली देने के लिए गंभीर है। हर गांव को सड़क, अस्पताल और स्कूल से जोड़ने का संकल्प लिया गया है।

**ये रहे मौजूद-**

कार्यक्रम में मंत्री हीरालाल नागर, मदन दिलावर, प्रभारी मंत्री गौतम दक, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# शाहपुरा में सहजयोग शिविर में आत्मसाक्षात्कार व चैतन्य की अनुभूति

## मानसिक शांति और ऊर्जा जागरण की ओर बढ़ा कदम

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



रामकोठी परिसर में सहजयोग आत्मसाक्षात्कार एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम महिमा प्रेजेंटेशन और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

शिविर में कोटा से राहुल कौशिक और आकांक्षी शर्मा ने सहजयोग की विधियों द्वारा कुंडलिनी जागरण, मानसिक शुद्धिकरण, तनावमुक्ति और आंतरिक शक्ति जागरण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से चक्रों और नाड़ियों का शुद्धिकरण, विकारों से मुक्ति और बौद्धिक विकास संभव है।

कार्यक्रम का संयोजन पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल चौधरी व सहजयोग परिवार के भंवरलाल विश्वकर्मा के निर्देशन में हुआ।

शिविर में महिलाएं, युवा, खिलाड़ी, सामाजिक प्रतिनिधि सहित अनेक लोगों ने भाग लिया और अनुभव को जीवनदायिनी बताया।

अंत में प्रसाद वितरण और आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें भीलवाड़ा जिला सभा से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रतनलाल सुथार के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल समारोह में शामिल हुआ।

समारोह की अध्यक्षता रामपाल शर्मा ने की, जबकि प्रदेश युवा अध्यक्ष धर्मवीर ग्वाला का भीलवाड़ा टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पवार, पूर्व अध्यक्ष रविशंकर सुथार सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान भीलवाड़ा से किशनलाल सुथार एवं सांवरलाल सुथार को प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) और नारायणलाल सुथार को भी इसी पद पर मनोनीत किया गया। वहीं रमेशचंद्र सुथार और भगवानलाल सुथार को प्रदेश मंत्री (युवा प्रकोष्ठ) बनाया गया।

समारोह में जिला सभा अध्यक्ष महावीर प्रसाद आरोलिया, सांवरलाल जेठानियां, देवीलाल जांगिड़, रमेशचंद्र सुथार, भगवानलाल सुथार, नारायणलाल सुथार, किशनलाल सुथार सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने समाज की युवा पीढ़ी को संगठित होकर शिक्षा, रोजगार और समाज सेवा में आगे आने का आह्वान किया।

## QUICK BITES

### आरयूआईडीपी जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को एफएसटीपी व स्वच्छता की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता इकाई द्वारा राजमाता मणिक कंवर राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में छात्राओं को स्वच्छता व एफएसटीपी फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के फायदों की जानकारी दी गई।

कैप जयपुर इकाई से सौरभ पांडे ने छात्राओं को बताया कि साफ-सफाई से मच्छर-मक्खी जनित रोगों जैसे डेंगू और मलेरिया से बचा जा सकता है। साथ ही बताया गया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकले मल-जल को जाजपुर रोड स्थित एफएसटीपी में ले जाकर ट्रीट किया जाएगा और उससे खाद बनाई जाएगी, जिससे वातावरण स्वच्छ रहेगा।

कार्यक्रम में हैंड वॉशिंग के 10 स्टेप भी सिखाए गए।

इस अवसर पर महेंद्र सिंह राणावत, प्रह्लाद गुलपारिया, प्रधानाचार्य रीटा धोबी सहित शिक्षकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में 200 छात्राओं ने भाग लिया।

### गुड़ा पंचायत में आयोजित अंत्योदय संबल शिविर में आमजन की समस्याओ का हुआ समाधान, लाभांवित हुए ग्रामीण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



राज्य सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत उपखंड बिजोलिया की ग्राम पंचायत गुढ़ा में सोमवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर प्रभारी ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर में विभिन्न विभागों ने मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई।

राजस्व विभाग द्वारा 4 सीमाज्ञान , 2 पत्थरगड़ी, 11 नामांतरण, 6 रास्ता विवाद , 1 आपसी सहमति से बंटवारा प्रकरण का मौके पर निस्तारण किया गया।

पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 6 पात्र व्यक्तियों को पट्टे वितरित , चिकित्सा विभाग की ओर से टीबी रोग से पीड़ित 2 व्यक्तियों को पोषण किट एवं

कृषि विभाग की ओर से किसानों को 5 मृदा परीक्षण कार्ड दिए गए।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# कॉलेज छात्रों को मिली कानूनी व डिजिटल सुरक्षा की जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार श्री बालाजी नर्सिंग कॉलेज में बालक व बालिकाओं के साथ पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने बाल विवाह अधिनियम 2006 के शारीरिक, मानसिक व आर्थिक नुकसान के केस स्टडी माध्यम से समझाया गया व बाल विवाह अधिनियम की सजा के प्रावधान के बारे में बताया गया।



कार्यस्थल पर बालिकाओं को लैगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 व आतंरिक शिकायत समिति गठन के बारे में बताया गया व सखी सेंटर व पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र व 181 हेल्पलाइन नम्बर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1090 गरिमा हेल्पलाइन नम्बर,व सोशल मीडिया व साइबर अपराध के बारे में तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। मनोसामाजिक परामर्शदाता सुनिता शर्मा ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र के बारे में बताया कि महिलायें हिंसा से पीड़ित हो तो किस तरह सलाह व सहायता की जाती है। सभी बालक व बालिकाओं के साथ प्रश्नोश्री रखी गई जिसमें मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न किये गये।

विधिक सेवा प्राधिकरण के फारूक पठान ने पोक्सो अधिनियम यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण हेतु अधिनियम के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। नर्सिंग कॉलेज के संस्थापक श्री प्रमोद तिवाडी द्वारा करियर पर ध्यान देने व अपने साथ गलत होता है तो चुप नहीं रहना चाहिए आवाज उठानी चाहिए। कार्यक्रम में नर्सिंग अध्यापिका पायल शर्मा व रंजना सिह ने विचार प्रकट किये व कार्यक्रम में 200 बालक व बालिकाए उपस्थित रही।

# गेणोली पंचायत के बिहारीपुरा स्कूल में पेयजल के साथ अन्य व्यवस्थाएं पसरी,प्रधान को सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

उपखण्ड क्षेत्र की गेणोली पंचायत क्षेत्र सर्किल के बिहारीपुरा प्राथमिक स्कूल में पेयजल समस्या के साथ स्कूल की चारदीवारी का अभाव ,शौचालय का अभाव, पर्याप्त कमरों के अभाव के साथ अन्य समस्याओं का सामना स्कूल के छात्र व ग्रामीणों को करना पड़ रहा है सोमवार को माण्डलगढ़ पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा को ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन सौपा गया व समस्याओं के समाधान



की मांग की। ज्ञापन देते समय ग्रामवासियों में बिहारीपुरा के कमलेश गुर्जर,रामलाल धाकड़, श्याम लाल धाकड़, शंकर लाल धाकड़, मुकेश धाकड़ ,भवानी राम धाकड़,जगदीश धाकड़ सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। प्रधान जितेन्द्र मूंदड़ा ने ग्रामीणों को स्कूल में पसरी समस्याओं के समाधान कराने का भरोसा दिलाया व कहा कि स्कूलों के विकास के लिए सभी व्यवस्थाओ को माकूल बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर छात्रों के साथ आमजन को राहत प्रदान करवाई जायेगी।

# बेड़च नदी पर बना पुल बारिश में बहा, कई गांवों का टूटा संपर्क

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(रमेश चंद्र डाड)। मांडलगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत धाकड़खेड़ी प्रथम और हिंगोनिया-सूरास के बीच बेड़च नदी पर मनरेगा एवं अन्य फंड से बनी पुलिया वर्षा के तेज बहाव में क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया का ऊपरी हिस्सा बह जाने से क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क कट गया है।

करीब दो वर्ष पूर्व बनी यह पुलिया ग्रामीणों के लिए टू-व्हीलर और पैदल आवाजाही का मुख्य माध्यम थी। पहले वर्ष में ही पुलिया का लगभग 25% हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन इस वर्ष तेज बारिश और नदी में भारी



उफान के कारण पुलिया का 75% ऊपरी हिस्सा, जिसमें सरिया, सीमेंट व गिट्टी की परतें शामिल थीं, बह गई। अब केवल पाइप और जमीन से जुड़ा हिस्सा ही शेष रह गया है।

पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से धाकड़खेड़ी प्रथम, बागीद, भवानीपुरा, सूरास, मेहताजी का खेड़ा, कालाकुआं, रानीखेड़ा सहित कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। पहले पुलिया निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत की प्रशंसा की जा रही थी, लेकिन अब निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

समाजसेवी भीमसिंह कानावत ने राज्य सरकार और प्रशासन से पुलिया की तकनीकी जांच करवाने व शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की है ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# झूलेलाल पेंटिंग कंपीटिशन में बच्चों ने बनाई खूबसूरत पेंटिंग, मिले पुरस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सिन्धु संस्कार सेवा समिति द्वारा बापूनगर सिन्धु धाम में झूलेलाल पेंटिंग कंपीटिशन आयोजित किया गया। इसमें 106 बच्चों ने भाग लिया। समिति के संगठन मंत्री दिलीप रावानी ने बताया कि वेद और आयुर्वेद को 200 साल अंग्रेजों ने भारत में नष्ट करने की बहुत कोशिश की। ऐसे सनातन संस्कृति के आयोजन करने से हमारा सनातन वेद को बढ़ावा मिलता है। कंपीटिशन में मान्या इसरानी, मीना लिमानी, मीरा मानवानी, रेखा मानवानी, वर्षा मोटवानी, कला पमनानी, गीता झूरानी, दीपा रगवानी, ममता नैनाणी,



सीता रगवानी मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। प्रथम पुरस्कार भावेश सोनी 5100 रूपए, काव्या सोनी द्वितीय पुरस्कार 2100 रूपए एवं अखलेश लुधानी को 1100 रूपए का चेक सिन्धु संस्कार सेवा समिति का दिया गया। बाकी 103 बच्चों को लालचंद नथरानी, चन्दप्रकाश चन्दवानी, कमलेश खेराजानी, आशिष चदवानी,सुरेश लोगवानी, चन्दप्रकाश रगवानी, किशोर इसरानी द्वारा पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन हरीश मानवानी ने किया। मानवानी ने बताया कि आयोजन में

किशोर इसरानी, भगवान पुरगानी, जितेन्द्र मोटवानी, भगवान रामचन्दानी, नवीन मनवानी, दीपक नैनाणी, कमल पहलवानी,मोहन मोतियानी, जितेन्द्र रगलानी, मोहनदास आसनानी, मनोज संगतानी, परसराम भारणी ने मिलकर झूलेलाल भगवान का दीप प्रज्वलित कर बहराणा साहब की शुरुआत की। उद्धवदास भगत, दौलतराम सामतानी, रमेश टिक्याणी ने झूलेलाल के गीत संगीत से शुरूआत की।

# मेवाड़ माहेश्वरी मंडल का 42वां बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम सम्पन्न

## अब तक 3055 रिश्ते हो चुके सफल, विभिन्न क्षेत्रों से अभिभावक हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मेवाड़ माहेश्वरी मंडल, भीलवाड़ा द्वारा 42वां मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम माहेश्वरी समाज संपत्ति ट्रस्ट भवन, नागोरी गार्डन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ललिता मालू, रमेश राठी, सम्पत माहेश्वरी, श्रवण समदानी, सुनील मुंदड़ा व सीए कैलाश बाहेती ने दीप प्रज्वलन कर की।

मुख्य संयोजक श्रवण समदानी ने बताया कि भीलवाड़ा के अलावा चित्तौड़गढ़, उदयपुर, मनासा शाखाओं पर भी यह सेवाएं हर रविवार को उपलब्ध हैं। चित्तौड़गढ़ से कौशल्या आगाल, मीना भंडारी, जसोदा बसेर, अर्चना मोदानी, दुर्गा भराडिया, अनीता बोर्दिया व मंजू झंवर सहित कई अभिभावक उपस्थित हुए।

सुनील मूंदड़ा ने बताया कि अब तक मंडल के प्रयासों से 3055 संबंध सफल हो चुके हैं। वर्तमान में कार्यालय में युवकों के 4820 व युवतियों के 8400 बायोडाटा उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम का समापन मुख्य संयोजक ओमप्रकाश काबरा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




# दलाई लामा का 90वां जन्मदिन जयपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा

विश्व शांति, अहिंसा, प्रेम और मानवता के प्रतीक तिब्बती आध्यात्मिक धर्मगुरु परम पावन दलाई लामा का 90वां जन्मदिन भारत तिब्बत संवाद मंच, राजस्थान प्रदेश द्वारा जयपुर के प्रतापनगर स्थित इंजीनियर एकेडमी में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर गोष्ठी एवं वृक्षारोपण के साथ केक काटकर दलाई लामा के दीर्घायु होने की कामना की गई।

कार्यक्रम में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला, प्रदेश प्रभारी भारती वैष्णव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र जांगिड़, नितीन काशलीवाल, विजेन्द्र शर्मा, पंकज गोयल, शीतल, वरुण शर्मा, डॉ. सोनम तिलावट सहित कई पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दलाई लामा ने तिब्बती धर्म, संस्कृति, भाषा और पहचान के संरक्षण के लिए अद्वितीय कार्य किया है। उनका जीवन सत्य, करुणा और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है।

कार्यक्रम में भारत तिब्बत संवाद मंच की ओर से उनके दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए प्रार्थना की गई कि वे शतायु हों और विश्व शांति के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहें।




# जयपुर में कमांडेंट और कंपनी कमांडर गिरफ्तार:मंथली बंधी देने का बना रहे थे दबाव

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम ने सोमवार को होमगार्ड के एएसपी (कमांडेंट) और सीआई (कंपनी कमांडर) को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है। जयपुर में MI रोड पर होमगार्ड के ट्रेनिंग सेंटर में एसीबी की टीम ने 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते दोनों अधिकारियों को पकड़ा।

एसीबी के अनुसार, होमगार्ड में तैनात जवान ने एएसपी (कमांडेंट) नवनीत जोशी (47) और सीआई (कंपनी कमांडर) चंद्रपाल सिंह शेखावत (58) पर मंथली बंधी देने का आरोप लगाया था। एसीबी एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी नवनीत जोशी के घर की तलाशी में 4 लाख 85 हजार रुपए नकदी, 5 जमीनों से जुड़े दस्तावेज और चंद्रपाल सिंह के घर 2 लाख 57 हजार रुपए नकद, रिहायशी आवास के अलावा 02 प्लॉट के दस्तावेज मिले हैं।

### कार्रवाई नहीं करने के नाम पर मांगी थी रिश्वत

एसीबी के अनुसार होमगार्ड में तैनात जवान ने एसीबी में शिकायत की थी कि निलंबन बहाल करने को लेकर रिश्वत मांगी गई थी। इसके लिए 2 लाख रुपए देना तय हुआ था। 8 महीने तक 25 हजार रुपए की मंथली बंधी देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था।

एसीबी के सत्यापन में एसपी नवनीत जोशी और सीआई चंद्रपाल सिंह शेखावत के रिश्वत लेने की मांग सही निकली। रिश्वत के पहली मंथली बंधी के रूप में 25 हजार रुपए देकर सोमवार दोपहर होमगार्ड जवान को भेजा गया। पहली किश्त देने के दौरान ही एसीबी ने दोनों को पकड़ लिया। ये रुपए कंपनी कमांडर चंद्रपाल सिंह शेखावत के माध्यम से नवनीत जोशी तक पहुंचाए जा रहे थे। एसीबी का मानना है कि इसमें और भी जवान पीड़ित हो सकते हैं, जिनसे रिश्वत की मांग चल रही हो या ली जा रही हो। इस बारे में भी जांच की जा रही है।






## QUICK BITES

### पुष्कर में अखिल भारतीय माली सेवा सदन की बैठक सम्पन्न, धर्मशाला विकास पर हुआ मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ पुष्कर/भीलवाड़ा



अखिल भारतीय माली सेवा सदन पुष्कर की प्रबंध कार्यकारिणी की प्रथम बैठक पुष्कर स्थित माली समाज धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नव-निर्वाचित अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी ने की।

कोषाध्यक्ष बलदेवराम कच्छावा ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। महासचिव कैलाश चौहान ने बैठक का एजेंडा साझा किया। संरक्षक ताराचंद गहलोत ने संस्थान की भावी योजनाओं की जानकारी दी। गोपाल माली (प्रदेश महामंत्री, माली महासभा) ने सुझाव दिया कि आय-व्यय विवरण कार्यकारिणी सदस्यों को व्हाट्सएप के माध्यम से प्रतिमाह भेजा जाए तथा धर्मशाला विकास के लिए उपसमितियां गठित की जाएं। आईदान भाटी, डॉ. शंकर लाल परिहार, रूपचंद मारोठिया, गीता सोलंकी, अनीता परिहार सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में धर्मशाला के जीर्णोद्धार को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए और सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

### पूर्व विधायक स्व. भंवरलाल जोशी की जयंती पर पौधारोपण, पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू



( दिनेश गुर्जर ) । पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष स्व. भंवरलाल जोशी की जयंती के अवसर पर जोगणिया माता मंदिर परिसर में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा कि हर शुभ अवसर पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए।

इस अवसर पर अशोक शर्मा, कन्हैयालाल मेवाड़ा, दलपत सिंह सांखला, मनोज मलिक, सीताराम धाकड़, शंभूलाल आमेटा, डॉ. सतीश शर्मा, सूरजमल गुर्जर, मीनाक्षी जोशी, प्रेम धाकड़, तवर सिंह, महेंद्र सोलंकी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हार्टफुलनेस ध्यान अभियान का दूसरा चरण शुरू, 12 गांवों में बने नए केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



हार्टफुलनेस ध्यान के एकात्म अभियान का दूसरा चरण रविवार से प्रारंभ हो गया है। जिले में गांधीनगर केंद्र पर आयोजित साप्ताहिक सत्संग में 30 लोगों ने भाग लिया, जिसमें जिला परिवहन अधिकारी रामकिशन चौधरी ने भी ध्यान का गहन अनुभव साझा किया।

हार्टफुलनेस जिला समन्वयक योगेश लढ़ा ने बताया कि पहले चरण में भीलवाड़ा और चित्तौड़ के 1300 गांवों में ध्यान का परिचय कराया गया। अब दूसरे चरण में 12 गांवों - आटूण, पांसल, पालड़ी, सुवाणा, पुर, हलेड़, बड़ी-छोटी हरनी, मालोला, नया समेलिया, ओडो का बाड़िया और सांगानेर में नए ध्यान केंद्र शुरू किए गए हैं, जहां लोग नियमित और निःशुल्क ध्यान सत्रों का लाभ ले सकेंगे।

फिलहाल जिले में 14 नियमित ध्यान केंद्र और 64 हार्टस्पॉट संचालित हैं, जहां हर रविवार सुबह 7:30 और बुधवार शाम 6 बजे सामूहिक सत्संग आयोजित होते हैं। इस अभियान को 35 प्रशिक्षकों और वॉलिंटियर्स की टीम संचालित कर रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलियां , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890